जय जय गिरिबरराज किसोरी । जय महेस मुख चंद चकोरी ।।
जय गजबदन षडानन माता । जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।
मानस गौरी स्तुति । राम कथा 914 - नवसारी,गुजरात । मोरारी बापू

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 257 | इंदौर, मंगलवार 28 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- **Covid-19 Updates: दो हफ्ते के अंदर इन जिलों में तेजी से बढ़ गए कोरोना संक्रमित**
- **EPFO से खुशखबर: कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर बढ़ी**
- **Smriti Irani: स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को घेरा, आरोप- कांग्रेस सांसदों ने राष्ट्रपति का अपमान किया**
- **उत्तर कोरिया: सैनिकों से गायब हो गईं 653 गोलियां, तानाशाह किम ने बरामदगी तक पूरे शहर में लगा दिया लॉकडाउन**
- **India-Africa Army Chiefs' Conclave: आर्मी चीफ बोले- भारत, अफ्रीका की एक समस्या, साथ मिलकर लड़ेंगे**
- **USA: स्कूल में गोलीबारी पर बोलते-बोलते मजाक कर फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति, जमकर हो रही आलोचना**
- **Amritpal Singh: भारत के अलर्ट के बाद नेपाल में भी अमृतपाल सर्विलांस लिस्ट में शामिल, खुफिया तंत्र सक्रिय**
- **पीएम मोदी की तस्वीर फाड़ने का मामला: कांग्रेस विधायक पर लगा 99 रुपये का जुर्माना, इस धारा के तहत दोषी पाए गए**

# जेल गबन कांड में उषा राज व जेल प्रहरी निलंबित

### 13 दिन की रिमांड पर, कोर्ट में बोलीं- ट्रेजरी वालों को बचाकर मुझे फंसाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन । केंद्रीय भैरवगढ़ जेल के गबन कांड में अधीक्षक पद से हटाई गईं उषा राज को जेल विभाग ने सोमवार को निलंबित कर दिया। कर्मचारियों की भविष्य निधि के 15 करोड़ गबन में जेल प्रहरी रिपुदमन सिंह व उषा राज समेत पांच आरोपी अब तक गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सभी को भैरवगढ़ पुलिस ने सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। यहां 13 दिन के रिमांड का सुनते ही उषा राज मीडिया के सामने रो पड़ी। पुलिस पर बिफरते हुए आरोप लगाया मुझे फंसा दिया व ट्रेजरी वालों को बचा लिया।



पूर्व जेल अधीक्षक और गबन कांड का मास्टर माइंड जेल प्रहरी रिपुदमन अब 8 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर रहेंगे। गिरफ्तार दो सटोरिए रोहित चौत्र्षिया, हरीश गेहलोत व भैरवगढ़ निवासी रिंकू माद्रे का 31 मार्च तक का रिमांड मिला है। सीएसपी अनिल मौर्य ने बताया गबन से संबंधित जो दस्तावेज पूर्व अधीक्षक व जेल प्रहरी के यहां से जब्त हुए, उनके संदर्भ में पूछताछ व जिन खातों में गबन का पैसा ट्रांसफर हुआ, उसे लेकर जानकारी जुटाना है। सीएसपी मौर्य ने बताया गबन में जेल के दो सिपाही धर्मेंद्र लोधी व शैलेंद्र सिकरवार फरार हैं, इन्हें भी जल्द पकड़ लेंगे, कुछ सुराग मिले हैं। केस में चार नए आरोपी और एक-दो दिन में बढ़ने वाले हैं, जो निजी व्यक्ति हैं और इनके खातों में रुपए का ट्रांसफर हुआ है।

# भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं की खरीदी स्थगित

**भोपाल**। इंदौर, भोपाल, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं की खरीदी स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार 28 मार्च से 31 मार्च तक गेहूं की खरीदी स्थगित की गई है। बताया गया कि खरीदी केंद्रों पर नमी वाला गेहूं पहुंच रहा था। इस वजह से खरीदी को स्थगित करना पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार नमी वाले गेहूं के कारण गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं हो पा रहा था।

उल्लेखनीय है कि गेहूं की खरीदी 25 मार्च से आरंभ की गई थी।



अधिकारियों ने बताया कि गेहूं की खरीदी स्थगित करने के संबंध में राज्य शासन ने आदेश जारी कर दिए हैं।

हाल में मध्य प्रदेश के अनेक जिलों में असामयिक बारिश और ओलावृष्टि के कारण गेहूं की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

अब जारी आदेश के अनुसार ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के संबंधति अवधि में गेहूं बेचने के लिए किए गए स्लाट बुकिंग को भी निरस्त कर दिया है। अब किसान अपनी सुविधा से फिर स्लाट बुक कर सकते हैं।

# 101 कन्याओं को कराया भोज

● पाद पूजन कर भेंट स्वरूप बांटे उपहार, बच्चों के चहरे पर आई मुस्कान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चैत्र नवरात्र में शक्ति की देवी की आराधना के साथ-साथ कन्याओं के भोज का भी महत्व रहता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए क्रांति फाउंडेशन और वी क्लब ने कालिंदी गांव में 101 कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें भोज कराया और भेंट स्वरुप उन्हें उपहार दिए गए।**

क्रांति फाउंडेशन की डायरेक्टर और फाउंडर सारिका दीक्षित ने बताया कि चैत्र नवरात्र में हमरी संस्था हमेशा झुग्गी झोपड़ी की बस्तियों में रहने वाली कन्याओं को भोज कराती है। यह वह बच्चियां है जिन के माता-पिता मजदूरी कर अपने बच्चों को पाल रहे है। संस्था ने एमआर 10 निरवाना होटल के समीप कालिंदी गांव में 101 कन्याओं को भोज करा कर उन्हें उपहार बांटे। जैसा भोग माताजी को लगाया जाता है उसी के अनुरुप साग-पुड़ी, खीर और हलवा परोसा गया। सभी कन्याओं ने भोज का आनंद लिया। गर्मी को ध्यान में रखते हुए कन्याओं को फ्रूटी दी गई। उनके माथे पर टिकी लगाई गई फिर भेज करवाकर उनका पाद पूजन कर उपहार दिए गए। उपहार पाकर उनके चेहरे पर अलग ही खुशी नजर आ रही थी। यह खुशी जब दुगनी हो गई जब सारिका दीक्षित अपने बच्चों के साथ जमकर डांस किया। सरिका दीक्षित ने बताया कि बस्ति की बच्चियों की शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमेशा काम करती है।

# चुनाव में ओबीसी की भूमिका अहमः बिसेन

● एसीएसटीजैसी सुविधाओं को लेकर जल्द ही राष्ट्रीय संगोष्ठी; शिवराजसिंह को फिर अगला सीएम बताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पूर्व मंत्री तथा राज्य पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन सोमवार को इंदौर आए। यहां वे सुबह योग मित्र कार्यक्रम में शामिल हुए और फिर रेसीडेंसी में पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछड़ा वर्ग से संबंधित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी जल्दी आयोजित होगी। 3 अप्रैल के बाद इसकी तारीख की घोषणा होगी।**

उन्होंने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य यह है कि अभी ओबीसी को पंचायत व निकाय चुनाव में रिजर्वेशन मिला। अब उन्हें शैक्षणिक क्षेत्र में जैसे अगर कोई ओबीसी का स्टूडेंट पढ़ रहा है तो उसे सरकारी की क्या-क्या सहूलियत हो सकती है। इसी प्रकार छात्रावास और ओबीसी के बच्चों को एससीएसएटी के समान सहूलियत मिले। ओबीसी स्टूडेंट्स यूपीएससी, पीएससी सहित अन्य राज्य स्तरीय व केंद्र स्तर परीक्षा देते हैं तो उसे आरक्षण का लाभ मिले, यह काम भारत सरकार के माध्यम से ही पूरा होना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी कमीशन के माध्यम से हम अपनी रिपोर्ट भारत सरकार के सामने रखेंगे। यह राष्ट्रीय संगोष्ठी भोपाल, जबलपुर, छिंदवाडा या जबलपुर में होगी जिसमें कई राज्यों के पिछड़े वर्ग के मुख्यमंत्री, आयोग के अध्यक्ष आदि शामिल होंगे।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में नए आयाम दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगले विधानसभा में पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री होंगे। अब की बार पांचवी बार फिर शिवराज सिंह चौहान ही पांचवी बार मुख्यमंत्री होंगे, यह बात मैं जवाब दारी के साथ कह सकता हूं। चुनाव में पिछड़ा वर्ग की मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए महत्वपूर्ण काम किया है। आज अनाज के अलावा प्रदेश में दूध का प्रोडक्शन बढ़ते जा रहा है। मछली पालन में बालाघाट ने हिन्दुस्तान में स्थान पाया है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने में पिछड़ा वर्ग का बड़ा योगदान है।

## गड़बड़ करने वालों के लिए रॉड से भी मजबूत है मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी सरकार के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करने में पूरी तरह सक्षम है। जो गलती करता है, उसे सजा दी जाती है, जो अच्छा काम करता है उसकी पीठ थपथपाई जाती है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गड़बड़ करते हैं उनके लिए मुख्यमंत्री के तेवर लोहे की रॉड से भी मजबूत है। जो अच्छे काम करते हैं उनके लिए मोम से भी मुलायम है।

# कल मिलेगी एसजीएसआईटीएस को वॉली-बॉल टर्फ कोर्ट की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के अग्रणी संस्थान एसजीएसआईटीएस को पूर्व छात्रों का एक संगठन वॉली-बॉल टर्फ कोर्ट तैयार करके देने जा रहा है' 20,000 से अधिक सदस्यों वाला यह अलुम्नी ग्रुप समय-समय पर संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों में अपना योगदान देता आ रहा है' संगठन द्वारा इस कोर्ट को बना कर 29 मार्च 2023 को संस्थान को सौपा जाएगा। संगठन के अध्यक्ष संदीप कंसल एवं मानद सचिव डॉ. गिरीश गुप्ता ने बताया कि इससंस्थान के छात्रों को विगत कई वर्षो से वॉली-बॉल टर्फ कोर्ट की आवश्यकता थी, जिसपर एसोसिएशन ने विचार किया और फिर इसके निर्माण का जिम्मा लिया गया' संभवतः इस तरह का आधुनिक वॉली-बॉल टर्फ कोर्ट पहली बार मध्य भारत के किसी इंजिनियरिंग संस्थान में बन रहा है' हमें बड़ी खुशी हो रही है कि हम 29 मार्च को इसे एसजीएसआईटीएस संस्थान को अपनी और से सौंपेंगे।

# इंदौर सहित रतलाम मंडल के पांच शहरों से स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों से स्पेशल ग्रीष्मकालीन ट्रेनों की घोषणा की जा रही है। अब तक पांच शहरों से स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हो चुकी है। कई ट्रेनों की बुकिंग शुरू कर दी गई। मुंबई, उधना, सूरत, इंदौर के बाद अहमदाबाद से भी पटना के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। पूर्वांचल में रहने वाले लोगों को इससे खासा फायदा होगा।**

पूर्वांचल और उत्तर भारत के शहरों से बड़ी संख्या में लोग रोजगार और कामकाज के लिए गुजरात, मुंबई और इंदौर आते हैं। ये लोग त्योहार और गर्मी की छुट्टी में अपने शहर जाते हैं। ऐसे में ट्रेनों में खासी भीड़ रहती हैं और लोगों को सीट नहीं मिलती। लोगों की परेशानी को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन शुरू की हैं। ये ट्रेनें मंडल के विभिन्न स्टेशनों से संचालित की जाएंगी। इंदौर के बाद अहमदाबाद से पटना के मध्य यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा।

## अहमदाबाद-पटना का यह रहेगा समय

गाड़ी संख्या 09417 अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 3 अप्रैल से 26 जून तक अहमदाबाद से प्रति सोमवार को सुबह 09.10 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन होते हुए मंगलवार को रात 21.05 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09418 पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 4 अप्रैल से 27 जून तक पटना से प्रति मंगलवार को रात 23.45 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन होते हुए प्रति गुरुवार को 11.20 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुँचेगी।

# मार्च में 13, 500 बिजली उपभोक्ताओं ने फीडबैक में बताई संतुष्टि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रामू काका, रीता दीदी, शकील भाई जैसे हजारों वे उपभोक्ता हैं, जो बिजली सेवाओं से संतुष्ट है। बिजली कंपनी प्रतिदिन 500 से ज्यादा उपभोक्ताओं से सेवाओं को लेकर फीडबैक ले रही है, इसमें 98 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता सेवाओं से संतुष्ट नजर आए।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के आदेश पर सेवाओं को लेकर सतत फीडबैक लिया जा रहा है। मार्च में अब तक कंपनी क्षेत्र में कुल 13700 कॉल किए गए, इसमें से 13500 ने सेवाओं को लेकर संतुष्ट जताई है। इन उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबरों का चयन भी साफ्टवेयर से रेंडम आधार पर किया जाता है, इसी के आधार पर कॉल सेंटर 1912 की मदद से फोन लगाकर सेवाओं के प्रति उपभोक्ताओं को संतुष्टि या और सुधार के बारे में पूछा जाता है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि सबसे ज्यादा संतुष्टि पश्चिम क्षेत्र कंपनी के अधीन जिलों में ही है, यह 98 प्रतिशत से ज्यादा है। श्री तोमर ने बताया कि कॉल सेंटर में फीडबैक के लिए दैनिक आधार पर डाटा तैयार किया जाता है, जो उपभोक्ता कुछ मांग या शिकायत करते है, उनका यथासंभव निराकरण समय पर कर दिया जाता है। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि कॉल सेंटर की दैनिक समीक्षा मुख्य महाप्रबंधक द्वारा की जाती है।

# अन्नपूर्णा लोक के दर्शन कर श्री श्री बोल उठे वाह, अदभुत, अनुपम... बहुत सुंदर

● मंदिर के निर्माण की जानकारी लेकर आधे घंटे तक किया अवलोकन, महापौर के साथ पूजा-अर्चना और आरती भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आर्ट ऑफ लिविंग के सूत्रधार और विश्व विख्यात योग गुरू श्री श्री रविशंकर आज सुबह अचानक शहर के प्रमुख आस्था केन्द्र, नव निर्मित अन्नपूर्णा लोक पहुंचे और करीब आधे घंटे तक मंदिर की शिल्प कला का अवलोकन कर बोल पडे झ वाह, अदभुत, अनुपम... बहुत सुंदर !**

उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि से भी मुलाकात की और महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं श्रीमती जूही भार्गव के साथ मंदिर का बड़ी दिलचस्पी के साथ पहले अवलोकन किया, फिर मां अन्नपूर्णा, मां काली और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर आरती भी की। मंदिर के स्वामी जयेन्द्रानंद सरस्वती ने उन्हें जब बताया कि इस मंदिर का शिल्पांकन तीन राज्यों के शिल्पकारों ने अपने हाथों से, छैनी-हथौड़ी की मदद से किया है तो श्री श्री रविशंकर हैरत में पड़ गए। उन्होंने खुले मन से मंदिर के शिल्पांकन और संपूर्ण दीवारों पर प उकेरे गए 1200 से अधिक देवी देवताओं के चित्रों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के सत्यनारायण शर्मा, श्याम सिंघल, कैलाश शर्मा, भूपेन्द्र गुप्ता, मुन्ना शर्मा, शिवम अग्रवाल, नागेन्द्र चौहान एवं संजय शर्मा ने भी श्री श्री की अगवानी की।

# विश्व जल दिवस पर सेमिनार किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जल बड़ा कीमती और अनमोल है। इसकी एक एक बूंद बचाना बेहद जरूरी है। अगर अभी भी नही चेते तो भविष्य में जल को लेकर युद्ध और लड़ाई होना तय है।एक व्यक्ति के नहाने पर औसतन 20 लीटर पानी खर्च होता है। अत रोज नहाना बंद करे। इस से प्रतिदिन करोड़ों गैलन पानी बचेगा।

ये बात पर्यावरणविद पदमश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कहीं। वे विश्व जल दिवस पर मुख्य वक्ता बतौर बोल रहे थे,जिसका आयोजन द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंदौर लोकल ने एक निजी होटल में किया था। डॉ. जोशी ने जल की उपयोगिता और उसकी हो रही बर्बादी को रेखांकित करते हुए बेबाकी से कहा कि एक तरफ लोगो को शुद्ध जल नहीं मिल रहा वहीं दूसरी ओर उसका खुला व्यापार हो रहा है। देश का एक वर्ग ऐसा भी है जो केवल बोटल बंद पानी पीता है। पानी की कमी से कई गांव के गांव खाली हो रहे और शहरो में पानी ट्रांसपोर्ट से पहुंचाया जा रहा है। हमारी सभ्यता नदी के किनारे बसी अब पहले आबादी बस्ती और उसकी पूर्ति के लिए पानी पहुंचाया जा रहा है जो गलत है। अध्यक्षीय उद्बोधन में इंजिनियर आर पी गौतम ने कहा कि जल ही जीवन है,इसके बगैर हम क्या कोई भी प्राणी जी नही सकता।जल को बचाने ,उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेवारी हर व्यक्ति की है।जल के बिना सब सूना है।किसी को भी यह अधिकार नहीं कि वह जल को बर्बाद करें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी। अतिथि स्वागत कार्यक्रम सयोजक डॉ. शिल्पा त्रिपाठी, इंजिनर्स आर पी गौतम ने किया। प्रतिक चिन्ह रमेश चौहान ने प्रदान किए।

# स्ट्रीट वेंडर्स को बनाया जा रहा है डिजिटली स्मार्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कोविड महामारी के दौरान जब बेरोजगारी अपने चरम पर थी 26 वर्षीय मनीष नागर रोजगार की तलाश में मक्सी के पास स्थित अपने छोटे-से गांव से इंदौर चले आए। मनीष पर अपने घर को चलाने की पूरी जिम्मेदारी थी पर शिक्षित नहीं होने के कारण उन्हें कोई अच्छा रोजगार नहीं मिल पा रहा था। पैसे का अभाव होने कारण वो अपना व्यवसाय शुरू करने की स्थिति में भी नहीं थे। ऐसे में एक दिन उन्हें यात्रीकार्ट के बारे में जानकारी मिली, जहां निशुल्क व्यवसायिक ट्रेनिंग और अपनी दुकान शुरू करने के लिए मूलभूत सुविधाएं दी जा रही थी। उन्होंने यात्रीकार्ट स्मार्ट कियोस्क प्रोग्राम के लिए तुरंत रजिस्ट्रेशन करवाया। 3 महीने की ट्रेनिंग के बाद आज मनीष सफलतापूर्वक अपने स्मार्ट कियोस्क को चला रहे हैं और भरपूर मुनाफा भी कमा रहे हैं। मनीष कहते है कि कुछ ही दिन पहले मेरे घर में बेटे का जन्म हुआ है और मुझे पूरा विश्वास है कि अब मैं अपने बेटे को एक बेहतर जिंदगी दे पाऊंगा। फिलहाल मुझे इस यात्रीकार्ट स्मार्ट कियोस्क से काफी मुनाफा हो रहा है इसलिए भविष्य में मैं इस तरह के और यात्रीकार्ट ह्यस्मार्ट कियोस्कह्न खोलने की योजना बना रहा हूँ। यात्रीकार्ट के सीईओ गौरव राणा कहते हैं क कम मार्जन, अवस्तित इन्फ्रास्ट्रक्चर व टेक्नोलॉजी के अभाव में छोटे रिटेलर्स ग्रो नहीं कर पाते और आजकल टेक्नोलॉजी के जमाने में ग्राहको की आकांक्षाएं बड़ रही हैं।इनको स्मार्ट सोल्यूशंस चाहिए इसलिए हम छोटे रिटेलर्स को यात्रीकार्ट फ्री स्मार्ट कियोस्क के साथ सॉफ्टवेयर व मैनेजमेंट ट्रेनिंग,ब्रांडिंग एंड मार्केटिंग, फ्री सप्लाई, फ्री वाईफाई, जैसी अन्य कई सुविधाएं देकर इम्पावर कर रहे है ताकि वे भी ग्राहको का आकांक्षओ को पूरा कर भारत की बड़ती इकॉनोमी के साथ आगे बड सके। पूरे मध्यप्रदेश में हम मनीष जैसे 1000 छोटे रिटेलर्स को एक सिलेक्शन प्रकिया के अनुसार ह्यस्मार्ट कियोस्कह्न प्रोग्राम से जोड़कर एम्पॉवर करने का प्रयास कर रहे हैं। यात्रीकार्ट की सीओओ शिवाणी शर्मा कहती हैं कि देश में 1 करोड़ से ज्यादा छोटे रिटेलर है पर इन्हें एम्पॉवर करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। डिजिटल सेटअप के अभाव में उन्हें पता नहीं होता कि दूकान का कौन-सा सामान एक्सपायर होने जा रहा है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



उम्र के सवाल पर भड़के दिग्विजय सिंह:बोले-

# क्या शिवराज-मोदी जी युवा हैं? नरोत्तम का तंज- राहुल और ये गुरु-चेला हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/ग्वालियर। ग्वालियर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह उम्र वाले सवाल पर एक दिन पहले गुस्सा हो गए थे। उन्होंने नाराजगी जताते हुए पूछा था- क्या दिग्विजय सिंह बैसाखी पर चल रहा है? क्या शिवराज सिंह चौहान और मोदी जी युवा हैं। क्या वे बुजुर्ग नहीं हैं। दिग्विजय के इस तरह नाराज होने पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में सोमवार को तंज कसा। मिश्रा ने कहा- राहुल गांधी और दिग्विजय सिंह गुरु-चेला हैं। गुरु को तो आगे निकलना ही था।**

साथ ही मिश्रा ने राहुल गांधी और कमलनाथ के बीच सब कुछ ठीक नहीं चलने की बात भी कही। उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर कांग्रेस के प्रदर्शनों को फ्लॉप शो बताया और कहा कि कांग्रेस सिर्फ दिखावा कर रही है। मिश्रा ने कहा- कमलनाथ रविवार को दिल्ली में हुए प्रदर्शन में कहीं नजर नहीं आए। साथ ही भोपाल में हुए प्रदर्शनों से कमलनाथ समेत अन्य बड़े नेताओं ने भी दूरी बनाई। कांग्रेस की बैठकों से भी कमलनाथ नदारद हैं। जब राहुल गांधी यात्रा पर आए थे, तब कमलनाथ महाराज (प्रदीप मिश्रा) से मिलने गए थे और उनसे कहा था कि हम 7 दिन से मर रहे हैं। यह इस बात के संकेत हैं कि राहुल गांधी और कमलनाथ के बीच मतभेद हैं।

### किस बात पर नाराज हुए थे दिग्विजय?

राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द होने के बाद पार्टी प्रदर्शन कर रही है। इसी सिलसिले में दिग्विजय सिंह ने रविवार को ग्वालियर में पत्रकारों से चर्चा की। इसी दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि कांग्रेस में युवा नेता पार्टी से नाराज चल रहे हैं और क्या 75 साल के बुजुर्ग नेता का चेहरा दिखाकर आप चुनाव जीत लेंगे? सवाल पर बिफरे पूर्व सीएम ने पूछा था- दिग्विजय सिंह क्या बैसाखी पर चल रहा है?

### कांग्रेस सिर्फ किसानों के नाम पर राजनीति करती है : नरोत्तम

भोपाल में दिग्विजय सिंह के बयान पर गृहमंत्री ने निशाना साधा। उन्होंने किसानों को मुआवजे न देने के कांग्रेस के आरोप पर कहा- दिग्विजय सिंह, कमलनाथ किसानों का हाल जानने खेतों में नहीं गए। कांग्रेस सिर्फ किसानों के नाम पर राजनीति करती है।

# उमरिया के स्पेशल ब्रांच के इंस्पेक्टर 7 दिन से लापता

● पत्नी को फोन कर कहा था- चिंता मत करना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** ट्रेनिंग के लिए भोपाल आए उमरिया जिले के स्पेशल ब्रांच में पदस्थ पुलिस इंस्पेक्टर लापता हो गए। वह 19 मार्च को भोपाल आए थे। 23 मार्च से उनका मोबाइल भी बंद आ रहा है। 26 मार्च को टीआई के भांजे ने उमरिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। डिंडौरी में फॉरेस्ट कॉलोनी के रहने वाले विवेक मरावी ने उमरिया थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि संतोष कुमार उद्दे मेरे मामा हैं। वह उमरिया में जिला विशेष शाखा में विशेष शाखा प्रभारी (निरीक्षक) के पद पर पदस्थ हैं। 19 मार्च 2023 को संतोष कुमार उद्दे दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए भोपाल गए थे। यहां 20 और 21 मार्च को विशेष शाखा प्रशिक्षण संस्थान श्यामला हिल्स में रेडिकलाइजेशन-डी सब्जेक्ट का प्रशिक्षण था।

**पत्नी से बोले- यहां कमरा मिल गया है-** 20 मार्च को उन्होंने अपनी पत्नी सुमंत्रा उद्दे को दोपहर करीब 2 बजे फोन किया था। उन्होंने बताया था कि ट्रेनिंग स्थल पर पहुंच गया हूं। यहां रहने के लिए कमरा भी मिल गया है। इसके बाद से उनका फोन स्विच ऑफ बता रहा है। उनका भी कुछ पता नहीं चल रहा। संतोष की पत्नी सुमंत्रा ने बताया कि उमरिया पुलिस से इतनी ही जानकारी मिली है कि उनके मोबाइल की आखिरी लोकेशन भोपाल में मिली है। इसके अलावा कुछ नहीं पता चला। आज उमरिया पुलिस की टीम जांच के लिए भोपाल के लिए रवाना हुई है।

# रेप पीड़िता ने खुद अपने केस में की पैरवी

● पिता ने कराई बेटे की जमानत; हड़ताल पर वकील, खुद पेश हो रहे पक्षकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** 3 महीने में 25 केस निपटाने के मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ के आदेश के खिलाफ प्रदेशभर के वकील 23 मार्च से हड़ताल पर हैं। 24 मार्च को हाईकोर्ट (जबलपुर) ने वकीलों से तत्काल काम पर लौटने को कहा। 10 पेज के आदेश में कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि यदि इसका पालन नहीं हुआ, तो इसे कोर्ट की अवमानना माना जाएगा। लेकिन, वकीलों की हड़ताल 5वें दिन भी जारी है।

भले ही वकील हड़ताल पर हैं, लेकिन न्यायाधीश नियमित कोर्ट में बैठ रहे हैं और फैसले भी दे रहे हैं। पक्षकारों को बिना वकील कोर्ट में खुद पेश होना पड़ रहा है। ग्वालियर में एक पिता ने बेटे की पैरवी कर उसे जमानत दिलाई।

### रेप पीड़िता बिना वकील पेश हुई

हाईकोर्ट में पन्ना की रेप पीड़िता खुद पेश हुई। कोर्ट को उसने बताया- आरोपी आदित्य परमार को अग्रिम जमानत मिल गई है। वह केस वापस लेने के लिए धमका रहा है। पन्ना पुलिस का आरोपी को संरक्षण है। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए माना कि युवती के साथ जिस समय घटना हुई, वह 17 साल की थी। जस्टिस नंदिता दुबे की कोर्ट ने सुनवाई में यह भी कहा कि कहीं न कहीं आरोपी इखढ से ताल्लुक रखता है और केस वापस लेने के लिए पीड़िता के परिवारवालों को धमका रहा है। कोर्ट ने 4 हफ्ते बाद सुनवाई की तारीख दी।

# भोपाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी के आवाहन पर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रदीप अहिरवार जी के नेतृत्व में दलित विरोधी,आदिवासी विरोधी और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी की संसदीय सदस्यता खत्म कर संविधान विरोधी काम किया। कायर और डरपोक भाजपा सरकार को जगाने के लिए शंख,डमरु,मंजीरे के साथ प्रदेश प्रभारी जे.पी. अग्रवाल, विधायक श्री सुरेश राज जी, विधायक श्री मदन लाल जाटव जी, प्रदेश संगठन मंत्री राजीव सिंह जी और प्रदेश एवं जिला के सभी पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ प्रमुख रूप से इन्दौर से अनुसूचित जाति के शहर अध्यक्ष फूलसिंह कुवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सुनील चौधरी जी, रूपेश लोदवाल,जीतू राजलवाल,मनीष अहिरवार, जितेन्द्र वर्मा,आशीष सुनहरे, लखन अहिरवार,लखन सूर्यवंशी,किशोर भाटेरिया,सुखाराम अहिरवार, सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता भोपाल में सीएम हाउस का घेराव किया और बड़ी संख्या में गिरफ्तारी दी।

# 3 साल की बच्ची से रेप का आरोपी अरेस्ट

● 113 घंटे में पहचान और गिरफ्तारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में 3 साल की बच्ची से रेप के आरोपी को पुलिस ने ढूंढ निकाला। इस दौरान पुलिसकर्मी 113 घंटे तक आरोपी की तलाश में जुटे रहे। आरोपी 21 मार्च की रात बच्ची को उसके घर से उठाकर ले गया था। बच्ची खेत में मिली थी, पुलिस को आरोपी की चप्पल घटनास्थल पर मिली थी। इसी चप्पल को लेकर पुलिसकर्मी 5 गांव में घूमे थे। आरोपी को पकड़ने के लिए जबलपुर पुलिस ने नरसिंहपुर और दमोह जाकर भी डेरा डाला। फुटेज से जांच आगे बढ़ी, तब जाकर आरोपी गिरफ्त में आ सका। घटना जिले के शहपुरा थाना के ग्राम नटवारा में 21 मार्च की रात की है। एक दंपती 6 साल के बेटे और 3 साल की बेटी के साथ खेत में बने मकान में रहते हैं। घटना वाली रात बच्ची अपने माता-पिता के साथ सो रही थी। आरोपी बच्ची को उठाकर घर से 200 मीटर दूर गन्ने के खेत में ले गया। यहां उसके साथ गलत काम किया और भाग निकला। रात 2.30 बजे मां की आंख खुली तो बच्ची को पास में नहीं पाया। माता-पिता और गांव वाले बच्ची को रात भर तलाशते रहे। सुबह 6 बजे बच्ची गन्ने के खेत में बेसुध मिली।

# बहुचर्चित कीर्तिबाला केस : पत्नी की हत्या करने वाले आर्मी नायक को उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** दहेज प्रताड़ना के बाद पत्नी की हत्या करने वाले आर्मी नायक को आजीवन कारावास हुआ है। आरोपी सोनू कुमार पिता नाथूराम सैनी 38 साल है। वह करापुर जिला सागर का है। उसने पत्नी को हरसूद में शूट कर दिया था। मामला बहुचर्चित रहा है। पत्नी कीर्तिबाला ने साल 2016 मई को कोतवाली खण्डवा में सोनू एवं उसके माता पिता के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 29 अक्टूबर 22 को सोनू ने हरसूद में कीर्तिबाला माली निवासी रामनगर खंडवा को गोली मार दी थी। उसकी मौत हो गई थी। सोनू लंबे समय फरार रहा। उस पर ईनाम भी घोषित हुआ था। बाद में पकड़ा गया। 5 साल बाद कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बहुचर्चित केस में सजा सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) निधि जैन की कोर्ट ने सुनाई।

अभियोजन मीडिया सेल जाहिद खान ने बताया कि खंडवा से कीर्ति अप-डाउन करती थी। पोलेटेक्निक कालेज में अतिथि शिक्षक थी। ट्रेन से उतरने के बाद जब वह कॉलेज के लिये पैदल जा रही थी। तब मोटरसाइकल पर एक व्यक्ति आया। कीर्तिबाला का नाम पुकारा व हाथ पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। सिर में गोली मार दी थी। गोली मारने के बाद वह व्यक्ति ग्राम साडियापानी वाले कच्चे वाले रास्ते से मोटरसाइकल से भाग गया था।

कीर्तिबाला की हत्या के मामले में अभियुक्त सोनू सेनी को दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश तहसील हरसूद जिला खण्डवा के न्यायालय द्वारा धारा 302 भादसं में आजीवन कारावास व 1 हजार रूपए अर्थदण्ड व धारा 25 (1-बी) ए आयुध अधिनियम में 3 साल का सश्रम कारावास व 1 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रकरण का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अनिल चौहान द्वारा किया गया।

### तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पहुंचे थे

साल 2018 की बात है। घटना के करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 11 बजे के लगभग तत्कालीन पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने घटना स्थल का निरीक्षण किया था। इस मौके पर उनके साथ विकास मुजाल्दे भी थे। हरसूद के तत्कालीन थाना प्रभारी बीएल अटोदे ने बताया था कि इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 302 का प्रकरण दर्ज किया है तथा सरगर्मी से हत्यारे की तलाश की जा रही है।

# संपादकीय

## खुद को किया साबित

वनवेब कंपनी के प्रक्षेपणों के जरिए भारत के न केवल उपक्रमों, बल्कि कस्बों, गांवों, नगर निगमों और स्कूल समेत उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित संपर्क की सुविधा मुहैया कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। यों पिछले लंबे समय से अंतरिक्ष में अपने बूते अपनी पैठ बनाने में कई स्तरों पर बेहतरीन प्रयोगों और उसमें कामयाबी के जरिए भारत ने दुनिया के सामने खुद को एक मजबूत केंद्र के रूप में साबित किया है। अंतरिक्ष में उपग्रहों के प्रक्षेपण के क्षेत्र में कामयाबी के सफर में नया अध्याय जोड़ते हुए भारत ने एक बार फिर यह साबित किया कि इस मोर्चे पर वह दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले बेहतर क्षमता हासिल करने जा रहा है। रविवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने बाहुबली कहे जाने वाले अपने सबसे भारी एलवीएम-3 राकेट के जरिए ब्रिटेन स्थित वनवेब समूह कंपनी के छत्तीस उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरिक्ष में किए जाने वाले प्रयोगों में भारत ने अपनी उपलब्धि की एक और कड़ी जोड़ दी। गौरतलब है कि चेन्नई से करीब एक सौ पैंतीस किलोमीटर दूर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर लांच पैड से एलवीएम-3 ने निर्धारित समय पर उड़ान भरी और तय समय में उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर दिया। छत्तीस उपग्रहों का कुल वजन लगभग पांच हजार आठ सौ पांच किलोग्राम था। वनवेब कंपनी के लिए ही पहले छत्तीस उपग्रह भी पिछले साल अक्तूबर में प्रक्षेपित किए गए थे। कहा जा सकता है कि अंतरिक्ष में नए प्रयोगों के मामले में भारत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खास जगह बना रहा है। ताजा कामयाबी की अहमियत इस रूप में है कि वनवेब समूह कंपनी और इसरो की वाणिज्यिक कक्षा में बहत्तर उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए एक करार हुआ है, जिसके तहत यह दूसरा प्रक्षेपण था। पहले प्रक्षेपण में भी छत्तीस उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो और वनवेब के बीच तालमेल का अपना महत्त्व है। वनवेब अंतरिक्ष से संचालित एक वैश्विक संचार नेटवर्क है, जो सरकारों और औद्योगिक इकाइयों को संपर्क की सुविधा मुहैया कराता है। अब तक इसरो के भारी उपग्रह वाहन ने उम्मीद के मुताबिक बेहतर क्षमता के साथ प्रदर्शन किया है और अंतरिक्ष यान को निर्धारित कक्षा में स्थापित किया है।

Health is Wealth

# ब्लड शुगर कम होने पर दिखते हैं ये लक्षण बचाव के लिए अपनाएं ये तरीके



**डायबिटीज होने पर डायट और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना जरुरी होता है। इसी के साथ ये भी जरुरी है कि आप किस तरह और समय पर खाते हैं। शुगर लेवल बढ़ने पर उसे कंट्रोल करने के लिए खानपान पर नियंत्रण करने के साथ ही दवा या इंसुलिन उपचार करना पड़ता है। हालांकि, शुगर का बढ़ना जितना गंभीर होता है, उतना ही ब्लड शुगर लेवल लो होना भी परेशानी का कारण हो सकता है। यहां ब्लड शुगर लेवल कम होने के लक्षण और बचाव के तरीके बता रहे हैं। जानिए-**

### क्यों अचानक लो हो जाता है ब्लड शुगर

बल्ड शुगर बढ़ने या घटने के कई कारण होते हैं। लो ब्लड शुगर होने के कई कारण हो सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो दवाओं और इंसुलिन इंजेक्शन के ज्यादा इस्तेमाल से ब्लड शुगर कम होने की समस्या हो जाती है। इसके अलावा जब डायबिटीज के मरीज खाना छोड़ देते हैं या सामान्य से कम खाना खाते हैं तो भी लो ब्लड शुगर की समस्या हो सकती है।

### ब्लड शुगर लो होने के शुरुआती लक्षण

- पसीना आना • थकान
- चक्कर आना • भूख लगना
- कंपकंपी होना • तेज दिल की धड़कन • चिड़चिड़ापन
- स्ट्रेस या मूडी हो जाना
- पीला पड़ना • कमजोरी
- ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल
- दौरे या फिट • गिरना

### बचाव के लिए अपनाएं ये तरीके

- ब्लड शुगर कम होने पर कई तरह के लक्षण देखने को मिलते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो अगर इन लक्षणों का तुरंत इलाज न किया जाए, तो आप बेहोश हो सकते हैं या कोमा में भी जा सकते हैं। बहुत कम ब्लड शुगर एक इमरजेंसी कंडीशन है। इससे बचाव के लिए आप कुछ तरीकों को अपना सकते हैं।
- रोजाना ब्लड शुगर चेक करें। हालांकि, इसे कब और कितनी बार करना चाहिए इस बारे में अपने डॉक्टर से बात करें।
- घर से निकलने से पहले नाश्ता जरूर कर लें। अचानक ब्लड शुगर कम हो जाए, तो अपने साथ कार्बोहाइड्रेट से भरपूर स्नैक रखें।

# गर्मियों के मौसम में ड्राई स्किन के लिए बेस्ट हैं ये 2 फेस पैक

## मिनटों में निखर जाती है त्वचा

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम के आते ही स्किन को थोड़ी एक्स्ट्रा केयर की जरुरत होती है। ऐसे में लोग अलग-अलग तरीके तलाशने लगते हैं, जिससे स्किन तुरंत फ्रेश और ग्लोइंग दिखने लगे। इस मौसम में स्किन ज्यादा सेंसेटिव हो जाती है, इसलिए सबसे जरूरी है कि स्किन को ठंडक महसूस हो और फेस पैक आपकी स्किन पर ज्यादा हार्श नहीं होना चाहिए। कुछ लोग गर्मियों में चेहरे को ठंडा रखने के लिए बर्फ लगाते हैं। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप इन दो फेस पैक की मदद से स्किन को तुरंत निखरी और ग्लोइंग बना सकते हैं।



### दही पैक

दही फेस पैक गर्मियों में आपकी रूखी त्वचा का इलाज करने का एक शानदार तरीका है। दही नमी बरकरार रखता है और आपकी स्किन को नैचुरली मुलायम बनाता है। बस एक चम्मच शहद में 2 चम्मच दही मिलाएं और इस मिश्रण को अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं। पानी से धोने से पहले इसे पूरी तरह सूखने दें। मुलायम, कोमल और चमकदार त्वचा पाने के लिए महीने में 2 बार दोहराएं।

### पपीता पैक

पपीता एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है। इसमें एंटी-एजिंग गुण भी होते हैं। एक चिकनी पेस्ट बनाने के लिए बस कुछ टुकड़े मिलाएं और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं। इसे गुनगुने पानी से धोने से पहले 15 मिनट तक लगा रहने दें। हफ्ते में तीन बार दोहराएं।

## Highlights

1. India's first cloned Gir cow calf 'Ganga' born in Haryana, pic surfaces
2. Kim Jong-un puts city under lockdown as soldiers lose 653 bullets: Report
3. What changes in income tax rules are applicable from April 1?
4. Apple acquires startup that uses AI to compress videos: Report
5. Unexpected & disappointing: Binance CEO on lawsuit by US regulator
6. 1,220 people died of bronchitis between 2016-2021 in Mumbai: Data
7. Hyderabad Police arrest 2 peddlers with 28 kg ganja and hash oil
8. Indian Navy ships showcased in Mauritius, video surfaces

# Will RBI increase repo rate in next policy meet? What report says

**NEW DEIHI, (Agency).** interest rate hike and the current 6.5 per cent repo rate could be the terminal rate for now, said SBI Research in its latest Ecowrap report.

The repo rate is the interest rate at which the RBI lends money to all commercial banks.

The next monetary policy meeting is scheduled for the first week of April 2023.

At the latest Monetary Policy Committee (MPC) of the RBI in early February, it decided to raise the repo rate by 25 basis points to 6.5 per cent to keep inflation expectations anchored, break the persistence of core inflation, and strengthen the medium-term growth prospects.

Raising interest rates is a monetary policy instrument that typically helps suppress demand in the economy, thereby helping the inflation rate decline.

In early 2020 when Covid hit the world, the repo rate was 4 per cent.

"The (RBI's) stance could continue to be withdrawal of accommodation, even as liquidity is now in deficit mode. RBI can always keep the options open in June (monetary) policy," the SBI Research, authored by Group Chief




Economic Adviser State Bank of India Soumya Kanti Ghosh, said.

The report asserted that the RBI has enough reasons to pause the repo rate hike in the April meeting. "There are concerns of a material slowdown in the affordable housing loan market and financial stability concerns taking centre stage. While concerns on sticky core inflation is justified, it may be noted that average core inflation is at 5.8 per cent over the last decade and it is almost unlikely that core inflation could decline materially to 5.5 per cent and below as post-pandemic shifts in expenditure on health and education and the sticky component of transport inflation with fuel prices staying at elevated levels will act as the constraint. By this logic, RBI may then have to go for more rounds of rate hikes," it explained in the report.

Notably, retail inflation in India fell marginally but remained above RBI's 6 per cent upper tolerance band for the second straight month in February 2023, with the Consumer Price Index pegged at 6.44 per cent. In January, the retail inflation was 6.52 per cent.

India's retail inflation was above RBI's 6 per cent target for three consecutive quarters and had managed to fall back to the RBI's comfort zone only in November 2022. Under the flexible inflation targeting framework, the RBI is deemed to have failed in managing price rises if the CPI-based inflation is outside the 2-6 per cent range for three quarters in a row.

# Rupee finds temporary ease as India's current account deficit shrinks

**NEW DEIHI, (Agency).** Economists are lowering their forecasts for India's current-account shortfall, thanks to favorable trade trends that are proving to be a blessing for the rupee — among the worst performers in emerging Asia this month.

Barclays Plc expects the gap in current account — the broadest measure of trade in goods and services — to be 1.8% of gross domestic product in the year starting April 1, after previously cutting it to 1.9% from 2.3% deficit it had estimated in mid-February. Citigroup Inc. slashed



its forecast even further to 1.4% of GDP from 2.2%, reflecting a steady drop in goods imports and strength in services exports. The lower prints will provide a tailwind to the rupee, which is vulnerable to a selloff, given the twin deficits in the nation's budget and current account make it more reliant on foreign inflows. A narrowing shortfall will also take the pressure off the central bank to sell foreign exchange from its reserves to stabilize the currency and check imported inflation. "We are encouraged by the fact that the narrowing of the trade deficit has sustained and services exports remain strong," said Ashish Agrawal, head of foreign-exchange and emerging-market macro strategy research at Barclays in Singapore. "The lower current account deficit reduces dependence on financing flows and RBI's dollar sales at the margin."

Haryana

# यूनिटेक पर लॉन्ड्रिंग मामले में ED की सख्ती, गुरुग्राम में 245 करोड़ की कीमत के 15 प्लॉट जब्त

**गुरुग्राम, (एजेंसी) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की। इस दौरान हरियाणा के गुरुग्राम में 245 करोड़ रुपये मूल्य के 15 भूखंडों पर ईडी ने कब्जा लिया।**




एजेंसी ने कहा कि यह भूखंड त्रिकार समूह के हैं, जो यूनिटेक के एक बेनामी समूह पर नामित है। बयान में कहा कि ईडी ने पहले इन अचल संपत्तियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धाराओं के तहत कुर्क किया था। ईडी ने कहा, संपत्ति की कुर्की में कार्नौस्टी समूह, शिवालिक समूह, त्रिकार समूह की शेल और चंद्रा परिवार की निजी कंपनियों की संपत्तियां शामिल हैं।

45 जगहों पर ली गई तलाशी : यूनिटेक समूह के प्रवर्तक संजय व अजय चंद्रा और उनके परिवार के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज कई एफआईआर पर किया गया। एजेंसी ने मामले में चंद्रा बंधुओं, रमेश चंद्र, प्रीति चंद्रा, राजेश मलिक को गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में कुल 1,132.55 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने और दो चार्जशीट दाखिल करने के अलावा 45 जगहों पर तलाशी ली गईं। समूह पर वर्ष 2021 में आरोप लगा था कि उन्होंने अवैध रूप से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक साइप्रस और केमैन आइलैंड्स को डायवर्ट किया था।

Rajasthan

# अक्षय पात्र का भोजन खाने से 15 बच्चे बीमार, उल्टी-पेट दर्द के बाद जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**राजसमंद, (एजेंसी)** अक्षय पात्र का भोजन खाने से करीब 15 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी बच्चों को भोजन करने के कुछ ही देर बाद पेट में दर्द और उल्टी शुरू हो गई। यह देख विद्यालय प्रशासन ने सभी बच्चों को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया। मामला राजसमंद के नाथद्वार के नेनपुरिया गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। जानकारी के अनुसार नेनपुरिया गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रोज की तरह ही सोमवार को बच्चों के लिए मिड-डे मील का प्रबंध किया गया। इस दौरान अक्षय पात्र का भोजन खाते ही एक दो बच्चों ने पेट में दर्द की शिकायत की। विद्यालय प्रशासन को लगा कि गर्मी के चलते बच्चों में इस तरह की दिक्कत हो सकती है। इसके कुछ ही देर बाद कई बच्चों को पेट में दर्द शुरू हो गया। कई को तो उल्टी भी हुई। इसके बाद प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। इसके विद्यालय प्रबंधन को अक्षय पात्र के भोजन में गड़बड़ी की आशंका हुई। प्रबंधन ने तुरंत ही सभी बच्चों को राजसमंद के आरके चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इन सारे बच्चों ने अक्षय पात्र से आए भोजन रोटी और मटर की सब्जी खाई थी। भोजन करने के पश्चात करीब 15 बच्चों की तबीयत बिगड़ी है।

New Delhi

# बदरपुर इलाके में दो मंजिला इमारत भीषण आग लगने के बाद ढही, दमकल की टीम मौके पर, कोई हताहत नहीं

**दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के बदरपुर के मोलरबंद इलाके में देर रात एक दो मंजिला इमारत में आग लग गई। आग लगने के कुछ देर बाद ही इमारत भरभरा के ढह गई, इमारत के भूतल पर एक गोदाम था, जिसमें देखते ही देखते आग फैल गई। सूचना पर आनन-फानन दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। एडीपी, दिल्ली फायर सर्विसेज राजेश शुक्ला के मुताबिक, दमकल की 18 गाड़ियां मौके पर हैं। हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। आग पर काबू पा लिया गया है। साथ ही बताया कि आग को पूरी तरह से बुझाने के लिए मलबे को हटाने की जरूरत है। वहीं हादसा और आग की लपटों को देखकर आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी जैसा माहौल रहा।



Jharkhand

# झारखंड के लातेहार में चना-गुड़ खाने से बिगड़ी 150 लोगों की तबीयत, 56 की हालत नाजुक

**लातेहार, (एजेंसी)** लातेहार जिले के चंदवा में सरहुल पर प्रसाद के रूप में मिले चना-गुड़ खाने से चेटर और सासंग पंचायत के करीब डेढ़ सौ लोग बीमार पड़ गए। गांव में अफरातफरी मचने के बाद पहुंची मेडिकल टीम ने पीड़ितों का उपचार किया। कई लोगों का चंदवा सीएचसी और लातेहार सदर अस्पताल में भी इलाज किया गया। दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर किया गया है। वहीं समाचार लिखे जाने तक 56 लोगों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



मिली जानकारी के अनुसार, सरहुल पर चेटर और सांसग पंचायत के सैकड़ों लोग दामर शक्ति खूंटा स्थल पहुंचे थे। पर्व के बाद सभी को चना-गुड़ दिया गया था। इसके बाद सभी घर वापस आ गए। शनिवार की अहले सुबह से कई लोगों को उल्टी-दस्त और बुखार आने लगा। पीड़ितों ने ग्रामीण चिकित्सक से उपचार कराया। शनिवार की दोपहर तक मरीजों की संख्या बढ़ती चली गयी और रविवार को स्थिति विकराल हो गयी। देर शाम इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को मिली। इसके बाद एक टीम गांव में भेजी गयी। रविवार की रात 930 बजे से देर रात 230 बजे तक सैकड़ों ग्रामीणों का उपचार किया गया। सोमवार को सिविल सर्जन लातेहार ने स्वयं प्रभावित गांव का दौरा कर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खेल

# जडेजा हुए प्रमोट रोहित-कोहली की तरह A+ ग्रेड मिला, 7 करोड़ देगा BCCI

## गिल-सूर्या को भी फायदा, केएल A से B ग्रेड में गए

**मुंबई। BCCI ने 2022-23 के सीजन के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का ऐलान कर दिया है। रविवार देर रात जारी कॉन्ट्रैक्ट में रवींद्र जडेजा को प्रमोशन मिला है। वे कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह वाले A+ ग्रेड में शामिल हो किए हैं। इन सभी को 7-7 करोड़ रुपए मिलेंगे। यह कॉन्ट्रैक्ट अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के लिए जारी किया गया है।**



A ग्रेड में हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत और अक्षर पटेल शामिल किए गए हैं। इन सभी को साल के 5-5 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस ग्रेड में हार्दिक पंड्या की वापसी हुई है और अक्षर पटेल प्रमोट हुए हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत इस ग्रेड में अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। ओपनर केएल राहुल को नुकसान हुआ है। वे B ग्रेड में चले गए हैं।

### बोर्ड की सूची में 26 खिलाड़ी

बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ियों की सूची में 26 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड A+ में इस बार चार खिलाड़ी हैं, जबकि हर बार तीन खिलाड़ियों को ही इस ग्रेड में जगह मिलती है। ग्रेड A में पांच, B में छह, C में 11 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं।

### गिल-सूर्या B ग्रेड में प्रमोट

ओपनर शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ग्रेड B में प्रमोट किए गए हैं। शार्दुल ठाकुर B से C में धकेल दिए गए हैं।

### राहाणे-इशांत और भुवी बाहर

टेस्ट स्पेशलिस्ट बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे, तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा, भुवनेश्वर कुमार और मयंक अग्रवाल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिए गए हैं। दोनों को पिछली बार ग्रेड B में रखा गया था।

सिनेमा

# चॉइज नहीं मजबूरी थी हॉलीवुड जाना? प्रियंका चोपड़ा ने पहली बार बताई बॉलीवुड छोड़ने की वजह



प्रियंका चोपड़ा ने एक लंबे वक्त तक भारतीय दर्शकों को बॉलीवुड में रहकर एंटरटेन किया है। अब उनका फोकस ज्यादातर हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स पर ही रहता है और इस पर कई भारतीयों को ऐतराज भी है। प्रियंका चोपड़ा ने जिस वक्त हॉलीवुड का रुख किया तब वह बॉलीवुड में सक्सेस की सीढ़िया चढ़ चुकी थीं। वह यहां पर एक कामयाब एक्ट्रेस थीं। तो फिर वो क्या वजह थी जिसके चलते प्रियंका चोपड़ा को पश्चिम का रुख करना पड़ा? एक्ट्रेस ने अब पहली बार इस सवाल का जवाब दिया है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि उन्हें बॉलीवुड में जो काम ऑफर किया जा रहा था उससे वह खुश नहीं थीं। एक पॉडकास्ट के दौरान प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि देसी हिट्स के Anjula Acharia ने उन्हें एक म्यूजिक वीडियो में स्पॉट कर लिया था और कॉल करके उनके पूछा कि वह Saat Khoon Maaf की शूटिंग कब कर रही हैं? उन्होंने उनसे पूछा कि क्या वह US में म्यूजिक करियर बनाना चाहेंगी? प्रियंका चोपड़ा उस वक्त बॉलीवुड से निकलने की गुंजाइश ढूंढ रही थीं। उन्होंने बताया, 'मुझे इंडस्ट्री में जैसे हाशिए पर धकेल दिया गया था। ऐसे लोग थे जो मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, मुझे लोगों से शिकायत थी, मुझे यह सब गेम खेलना पसंद नहीं है इसलिए मैं एक तरह से इस पॉलिटिक्स से तंग आ गई थी, और मैंने कहा कि मुझे ब्रेक चाहिए।' प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि म्यूजिक की वजह से उन्हें दुनिया के एक अलग हिस्से में जाने का मौका मिला।

लक्ष्मीबाई मंडी में किसानों का हंगामा

# गेंहू खरीदी को लेकर चक्काजाम, मौके पर पहुंची पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लक्ष्मीबाई अनाज मंडी में किसानों ने आज सुबह हंगामा कर दिया। बताया जा रहा है कि इन दिनों किसान बड़ी मात्रा में गेंहू लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। आरोप है कि व्यापारी इन किसानों से कम कीमत पर गेहूं खरीद रहे हैं। इसी से नाराज किसानों ने मंगलवार को हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया।**

किसानों का आरोप है कि व्यापारी कम कीमत में गेंहू खरीदकर मुनाफा वसूली कर रहे हैं। नीलामी में गेंहू खरीदी करने वाले व्यापारी गेंहू में नमी और कचरा होने की बात कहकर कीमत घटा रहे हैं। बता दें कि पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से गेहूं में थोड़ी-बहुत नमी है। इसी को लेकर रेट कम हो रहे हैं।

हंगामा कर रहे किसान सड़क पर लेट गए। बड़ी संख्या में मौजूद किसान भारत माता की जय, जय जवान-जय किसान जैसे नारे लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि एमएसपी से नीचे गेहूं किसी भी कीमत पर नहीं बिकेगा। उन्होंने कहा कि मंडी वाले तानाशाही पर उतारू हैं। लेकिन हम इनकी तानाशाही नहीं चलने देंगे। इधर, हंमामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान मानने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि मंडीवाले तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। हमारी साल भर की मेहनत को कचरे के भाव खरीदने पर तुले हैं। यह किसानों के साथ अन्याय है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों ने कहा कि 8 बजे से यहां बैठे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

# मुंह बोले मामा ने किया 5 साल की मासूम से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर 1 थाना क्षेत्र में 5 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार सेक्टर 1 के इलाके में रिश्तों को तारतार करने वाली घटना सामने आई है जिसमें निलेश नामक आरोपी ने अपनी मुंहबोली बहन की 5 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म कर दिया।**

लड़की की मां ने पुलिस को शिकायत में बताया है कि निलेश किसी काम से बाइक मांगने आया था। हमारे मना करने पर भी वो मेरे पति के साथ बैठ गया। इस बीच किसी काम से मैं और मेरे पति कमरे से बाहर गए तभी मौका पाकर निलेश ने मेरी बच्ची के साथ गलत काम किया। वापस आने पर बच्ची को देखा तो अस्पताल ले गए। पुलिस में शिकयात दर्ज करवाई। पुलिस के अनुसार बच्ची की मां की शिकायत पर आरोपी निलेश के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। नाबालिग का मेडिकल करवाया है। उसे जिला अदालत में पेश किया जा रहा है।

# क्रिकेट का सटोरिया धराया

● नगदी और लाखों का मिला हिसाब किताब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने बांग्लादेश-आयरलैंड क्रि केट मैच का आनलाइन सट्टा चलाने वाले सटोरिए को गिर तार कर उसके कब्जे से नगदी व लाखों रूपए का हिसाब किताब मिला है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एरोड्रम थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 155 स्थित गार्डन के अंदर एक व्यक्ति क्रिकेट मैच का सट्टा मोबाइल से संचालित कर रहा है। इस पर टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर आरोपी सोइमोन यादव निवासी एरोड्रम को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह बांग्लादेश-आयरलैंड़ क्रिकेट मैच का सट्टा संचालित करना एंव मोबाइल के माध्यम से भी ग्राहकों को सट्टा खिलवाते हुए नोटबुक का हिसाब किताब किया जाना कबूल किया है। आरोपी के कब्जे से 2 मोबाइल व नगदी एंव लाखों का हिसाब किताब मिला है। आरोपी के विरूद्ध गै बलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क हादसे में लॉ के स्टूडेंट की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर बाइपास पर एक सड़क हादसे में लॉ के स्टूडेंट की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह कॉलेज से घर आ रहा था। इसी दौरान उसकी कार को एक तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मार दी। कार आगे से बुरी से क्षतिग्रस्त हो गई। घायल हालत में स्टूडेंट को पहले एमवाय फिर निजी अस्पताल लेकर जाया गया। यहां उसकी मौत हो गई।**

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक घटना रालामंडल के आगे डीमार्ट के पास की है। हर्ष (29) पिता डॉक्टर रामप्रसाद सिसौदिया निवासी मयूर नगर अपनी कार से सेज यूनिवर्सिटी से घर की ओर आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्राले ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल हर्ष को उपचार के लिए एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा गया। इधर परिजनों को जानकारी लगी तो वह एमवाय पहुंचे। यहां से हर्ष को सुयश अस्पताल ले गए। लेकिन कुछ देर बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रिश्तेदार विनोद ने बताया कि हर्ष सेज यूनिवर्सिटी से रुरुक्च सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता जनरल फिजीशियन हैं। वही परिवार में छोटी बहन है। हर्ष राजनीति में भी एक्टिव था। उसे कुछ दिन पहले भीम आर्मी का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। वही ताइक्वांडो और कराटे में भी वह उसे नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडलिस्ट भी रह चुका है। हर्ष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था।

## सिपाही की भी सड़क हादसे में गई जान

रेलवे पुलिसकर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक वह बाइक से जा रहा था, इसी दौरान उसकी बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल पुलिसकर्मी को नजदीक ही रहने वाला निजी एंबुलेंस कर्मी अस्पताल लेकर पहुंचा। लेकिन यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक घटना बिचौली मर्दाना इलाके की है। यहां बाइक से विनोद (36) पुत्र रतनलाल मेहर निवासी पीटीएस को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल हालत में काफी देर तक विनोद सड़क पर पड़ा रहा। नजदीक ही रहने वाले निजी एम्बुलेंस कर्मी चिंटू को इस दौरान लोगों ने बुलाया। चिंटू सिपाही को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। इधर रात में विनोद ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक विनोद जीआरपी इंदौर में पदस्थ था। उसकी देवास में नवरात्रि के चलते ड्यूटी लगी थी। संभवत यही से वापस आते समय वह हादसे का शिकार हुआ है। कनाडिय़ा पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# दंपति पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में कार में जा रहे दंपत्ति को एक अन्य कार चालक ने टक्कर मार दी। जब उन्होंने कहा कि गाड़ी देखकर चला तो आरोपी ने मारपीट की और बेसबाल के डंडे से हमलाकर कार के कांच फोड़ दिए। कांच महिला को लगने से वह घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक उक्त घटना राज मोहल्ला चौराहा पर चाय दुकान के सामने हुई। फरियादी दीपेश पिता रमेशचंद्र बाहेती(&6) निवासी अंबिकापुरी कालोनी एयरपोर्ट रोड की रिपोर्ट पर कार(एमपी 46 सी &5&4) के चालक पर केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि आरोपी कार चालक ने गाड़ी तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए मेरी कार को सामने से टक्कर मार दी थी जब उससे बोला कि कार ठीक से चला तो इसी बात से नाराज होकर मुझे गालियां देने लगा। उसे गालियां देने से मना किया तो उसने अपनी कार से बेसबाल का बल्ला निकाला और मराा। मैं नीचे झुक गया तो उसने कार का कांच फोड़ दिया। कांच के टुकड़े मेरे हाथ में और पत्नी के सिर पर लगे जिससे दोनों घायल हो गए।

## सड़क दुर्घटना में दो वृद्ध घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में तेजी से जा रही अज्ञात एक्टिवा सवार ने रोड क्रास कर रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल का नाम गोविंद सोनी (68) सीताश्री रेसीडेंसी मोहता बाग के पास है। इनके बेटे राजकुमार सोनी की रिपोर्ट पर अज्ञात एक्टिवा चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि दुर्घटना साइंकृपा डेयरी के पास हुई। बुजुर्ग एक्टिवा पर जा रहे थे। हादसे में उन्हें सिर और पैर में चोट आई। आरोपी चालक मौके से भाग गया। इधर चंदननगर इलाके में भी एक बाइक सवार ने 60 वर्षीय मोह मद अमीन को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसा धार रोड पर पेट्रोल पंप के सामने हुआ। हादसे के बाद आरोपी चालक भाग गया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## जहर खाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लक्ष्मण पिता रामप्रसाद चौरसिया 68 साल निवासी पालदार की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक लक्ष्मण ने बीमारी से परेशान होकर जहर खा लिया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार मुकेश पिता सुरेश पाल 26 साल निवासी यादव नगर मूसाखेड़ी ने घर में फांसी लगा ली पता चलते ही परिजनों तत्काल उसे फंदे से उतारा और अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। वहां मेले में दुकान लगाता था पथरी बच्चों के साथ मायके गई हुई थी इसी बीच महेंद्र ने घर में फांसी लगा ली परिजनों ने देख लिया तत्काल उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।